भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2488
सोमवार, 18 दिसंबर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)

कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर)

2488. श्रीमती पूनमबेन माडम:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) और कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में वृद्धि हुई है/वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में बेरोजगारी की दर का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, देश में वर्ष 2017-18 से वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर), कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और बेरोजगारी दर (यूआर) निम्नानुसार हैः

(में %)

वर्ष	एलएफपीआर	डब्ल्यूपीआर	यूआर
2017-18	49.8	46.8	6.0
2018-19	50.2	47.3	5.8
2019-20	53.5	50.9	4.8
2020-21	54.9	52.6	4.2
2021-22	55.2	52.9	4.1
2022-23	57.9	56.0	3.2

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

यह आंकड़े दर्शाते हैं कि देश में श्रम बल और कार्यबल में वृद्धि की प्रवृत्ति है और बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति है।

*****